यात्रियों में परिवहन की देखरेख राज्य सरकार द्वारा की जा रही है।

कावेरी नदी को अभी तक राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित नहीं किया गया है।

बसों द्वारा लगाए जाने वाले फेरे

6324. **मौलाना ओवैदुल्ला खान आज़मी:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रूट संख्या 56, 336, 670, 603, 623, 640, 641, 660 और 062 पर चलने वाली दिल्ली परिवहन निगम की बसों के समय सहित उनके फेरों की वर्तमान संख्या कितनी है;

(ख) क्या हाल ही में उपरोक्त रूटों पर चलने वाली बसों के फेरों में भारी कमी की गई है जिससे यात्रियों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है; और

(घ) यात्रियों के तत्काल राहत प्रदान करने के लिए उपर्युक्त रूटों पर चल रही बसों के पुराने समय तथा उनके फेरों को बहाल करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर): (क) फर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार रूट नं॰ 56, 336, 602, 603, 623, 640, 641, 660 और 062 के संयुक्त फेरे नीचे दिए गए हैं। इन रूटों के समय संबंधी ब्यौरे प्रत्येक रूटर के सामने दर्शाए गए हैं।

रूट सं॰	संयुक्त फेरे	प्रथम चक्र/अंतिम चक्र	प्रस्थान का समय
56	14/28	वसन्त विहार से 0530/2136	नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 0640/2246
336	45/90	विवेक विहार से 0600/2100	वसन्त विहार से 0730/2230
602	20/40	सी पी डब्ल्यू डी कालोनी से 0520/2240	रेलवे स्टेशन से 0550/2230
603	23/46	पूर्वांचल भवन से 0510/2053	मोरी गेट से 0642/2225
623	23/46	सी पी डब्ल्यू डी वसंत विहार से 0530/2136	निजामुद्दीन स्टेशन से 0639/2245
640	व्यस्त समय सेवा	वसन्त विहार से 630/1930	केन्द्रीय टर्मिनल से 715/2020
641	36/72	सी पी डब्ल्यू डी कालोनी वसन्त विहार से 0606/2118	खान मार्केट से 0710/2230
660	25/50	वसन्त विहार से 600/2110	सफदर मंतर से 650/2200
062	*	वसन्त विहार (ट॰) से 0030/-	आई एस बी टी से 2315/0140

* 2315, 0140 बजे आई एस बी टी से वसन्त विहार और 0030 बजे वसन्त विहार से आई एस बी टी

(ख) (ख) जी हां।

(ग) विभिन्न वित्तीय तथा अन्य कठिनाइयों के कारण दि॰प॰नि॰ बसों के अपने पूरे बेड़े को प्रचालन में रखने और इनकी बारम्बारता को बनाए रखने की स्थिति में नहीं है।

(घ) विभिन्न रूटों पर बसों की बारंबारता और इनके समय की समय-समय पर समीक्षा की जाती है और दि॰प॰नि॰ के बेड़े की संख्या को ध्यान में रखते हुए और बसें लगाने के बारे में उपयुक्त निर्णय लिया जाता है।